आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 25.04.2024** **समय : 07.10pm**

**` मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ मतदान।
- प्रदेष में चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में।
- नौतपा के पहले दिन आज प्रदेष के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर।
- प्रदेष के पर्यटन स्थलों में बच्चों को आकर्षित करने के उद्देष्य से मुंबई और दिल्ली में शुरू होंगे एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर।

---

**लोकसभा चुनाव–छठा चरण**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज छह राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गये। बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, दिल्ली की सभी सात, झारखंड की चार, ओडीशा की छह, उत्तरप्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ। ओडिशा विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में 42 निर्वाचन क्षेत्रों में भी वोट डाले गये। आज ही हरियाणा की करनाल और उत्तर प्रदेश की गैंसडी सीट पर उपचुनाव के लिए भी मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के इस चरण में कुल आठ सौ नवासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में शाम पांच बजे तक 58 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है। पश्चिम बंगाल में लगभग 78 प्रतिशत, झारखंड में 61 प्रतिशत से अधिक, ओडिसा में लगभग 60 प्रतिशत तथा हरियाणा में लगभग 56 प्रतिशत मतदान हुआ है। दिल्ली में लगभग 54 प्रतिशत, बिहार और उत्तर प्रदेश में 52 प्रतिशत से अधिक और जम्मू कश्मीर में 51 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया है।

ओडिसा विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में लगभग 60 प्रतिशत मतदान की खबर है।

**प्रदेश मतगणना**

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रदेश में सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीहोर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना होगी । मतगणना कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आदेश जारी कर नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी और सहायक अधिकारी नियुक्त कर दायित्व सौंपे गये है। मतगणना के लिए देवास जिले में भी तैयारियां पूरी हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना बीएनपी स्थित केंद्रीय विद्यालय के अलग–अलग कक्षों में की जाएगी।

सतना में ईटीपीबीएस की काउंटिंग के लिये नियुक्त काउंटिंग सुपरवाइजर टीम का प्रशिक्षण 27 मई को आयोजित किया जायेगा।

उधर शिवपुरी जिले में मतगणना कर्मियों का पहला प्रशिक्षण कल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया गया।

**मालदीव रूपे**

कार्ड से भुगतान के लिए भारत की रू–पे सेवा मालदीव में जल्दी ही शुरू होगी। इससे मालदीव की मुद्रा रुफिया को मजबूती मिलने की संभावना है।

मालदीव की मीडिया में, आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद के हवाले से कहा गया है कि रु–पे सेवा शुरु करने का उद्देश्य अमरीकी डॉलर पर निर्भरता कम करना और क्षेत्रीय भुगतान प्रणाली को मजबूत बनाना है।

श्री सईद ने इस सिलसिले में दो सप्ताह पहले भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर से मुलाकात की थी।

## मौसम

आज से नौतपा शुरू हो गया है। प्रदेश में 2 जून तक नौतपा का असर रहेगा। मुरैना जिले में नौतपा के आरंभ होते ही भीषण गर्मी का कहर शुरू हो गया। जिसके चलते मुख्य बाजारों के साथ–साथ गली मोहल्लों से आवागमन दोपहर 12 बजे के बाद रूक सा गया। छोटे दुकानदारों द्वारा दुकान व प्रतिष्ठान दोपहर में बंद कर दिये। भोपाल शहर में भीषण गर्मी को देखते हुए आगामी तीन दिनों तक बिजली कटौती नहीं की जायेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। खंडवा जिला इन दिनों भीषण गर्मी के चपेट में है। जिससे जिले में जनजीवन में प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन ने लोगों से दोपहर में आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलने की हिदायत दी है। गुना जिले में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज दिन का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबलपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है। हालांकि पूर्वोत्तर मध्यप्रदेश के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से संभाग के डिंडौरी, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट जिले में तेज हवा के साथ कहीं–कहीं बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

## टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर

मध्यप्रदेश के प्रति महानगरों के बच्चों को आकर्षित करने के उद्देश्य से मुंबई और दिल्ली में किडज़ानिया मॉल में एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि घूमने के लिए पर्यटन स्थलों के चयन में बच्चे अपने घरों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि भावी पीढ़ी के साथ जेनरेशनल बॉन्ड बनाने के विजन को लेकर यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किडज़ानिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी के तहत एमओयू कर मध्यप्रदेश टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसके तहत 3डी, वर्चुअल रियलिटी, ट्रेजर हंट जैसे मनोरंजक और आकर्षक तरीके से बच्चो को प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बारे में बताया जायेगा। इसके फलस्वरूप बच्चे अपने परिवार के साथ प्रदेश की यात्रा पर आने के लिए आकर्षित होंगे।

## उत्तराखंड–हेमकुंड साहिब

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिक्ख धर्म के प्रसिद्ध तीर्थस्थल, गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट आज सुबह पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। गुरुद्वारे के कपाट खुलने के समय कई हजार श्रद्धालु वहां उपस्थित थे।

हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षित और सुगम तीर्थयात्रा के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा के शुरुआती दिनों में केवल तीन हजार पांच सौ श्रद्धालु ही प्रतिदिन दर्शन कर पायेंगे।

## कान पुरस्कार

अभिनेत्री अनसूया सेनगुप्ता फ्रांस के कान फिल्म समारोह में सर्वोत्तम अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। उन्हें यह पुरस्कार फिल्म द शेमलेस के लिए अनसर्टेन रिगार्ड श्रेणी में मिला है। इस फिल्म का निर्देशन बुल्गारिया के कॉन्सटैटिन बोजानोव ने किया है।

समारोह में, भारतीय फिल्म और टेलिविज़न संस्थान,पुणे के प्रशिक्षु चिदानंद एस. नाइक और उनकी टीम को फिल्म सनफ्लावर्स वेअर द फर्स्ट वन्स टू नो के लिए ला साइनेफ पुरस्कार दिया गया। समारोह में संस्थान के पूर्व छात्रों–– मैसाम अली और संतोष सिवन को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- प्रदेश के इकलौते सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024–25 में कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए ऑनलाइन प्रवेश 31 मई तक होंगे।
- शहडोल में नवीन आपराधिक अधिनियम 2023, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 विषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- नीमच में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत हांसिल करने वाले बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों का सम्मान समारोह 27 मई को आयोजित किया जायेगा।
- अनूपपुर जिले में स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक में मध्यप्रदेश पर्यटन दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।